Regarding setting up of high standard University with modern facilities for betterment of students

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) **:** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के समक्ष एक महत्त्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूं । केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली एवं दमण एवं दीव में मेरे संसदीय क्षेत्र दमण एवं दीव सहित पूरे प्रदेश में आजादी के बाद से अब तक कोई मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय नहीं है । जिससे युवा छात्र, छात्राओं को पढ़ाई के लिए बहुत कठिनाई हो रही है । बुनियादी और उच्च शिक्षा चाहने वाले बच्चों को गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक के विश्वविद्यालयों में शिक्षा लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है । ऐसे ही हमारे क्षेत्र के कॉलेजों की एफिलिएशन कभी गुजरात यूनिवर्सिटी के साथ होती है, कभी महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी के साथ कर देते हैं । मैं इस साल की बात करना चाहता हूँ । हमारे कॉलेजों के एफिलिएशन, वीर नर्मद यूनिवर्सिटी के साथ सालों से रहा है । मगर इस साल जब एडमिशन शुरू हुआ, तब पता चला कि उनका एफिलिएशन वीर नर्मद यूनिवर्सिटी से हटाकर गुजरात यूनिवर्सिटी के साथ कर दिया है । बच्चे कन्फ्यूज हैं कि वे करें तो क्या करें । में अपनी बेटी की बात करता हूं । मेरी बेटी ने कक्षा एक से दसवीं की पढ़ाई गुजरात बोर्ड से की है । बाद में 11 वीं और 12 वीं की पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड से की है । उसके बाद ग्रेजुएशन पुणे यूनिवर्सिटी की है और अब उसको महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई करनी पड़ रही है । ऐसे में बच्चे कन्फ्यूज क्यों नहीं होंगे? आज हम मेडिकल कालेज चला रहे है, डिग्री कॉलेज चला रहे हे, इंजीनियरिंग कॉलेज चला रहे है, आर्टस, कॉमर्स, साइंस कॉलेज चला रहे है, डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, लॉ कॉलेज यहां तक कि IIIT कॉलेज भी हमारे प्रदेश में सफलतापूर्वक चला रहे हैं । परंतु दुःख होता है कि इन सब कॉलेजों का एफिलिएशन अलग-अलग यूनिवर्सिटीज़ के साथ होता है ।

मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि वह केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमण एवं दीव के छात्रों के हित के लिए बुनियादी और सुलभ शिक्षा प्रदान करने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र दमण में एक उच्च स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की कृपा करें । जिससे क्षेत्र के बच्चों के साथ न्याय हो सके ।